





नवभारत
सतना, मंगलवार, 21 अप्रैल, 2026



# परशुराम सेवा संगठन ने कोठी में निकाली भव्य शोभायात्रा

## दलों के बंधन टूटे, जगह-जगह यात्रा का स्वागत हुआ, थाना प्रभारी दलबल के साथ रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

**कोठी, 20 अप्रैल. नगर में रविवार 19 अप्रैल को भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम के प्राकट्य दिवस के पावन शुभ अवसर पर परशुराम सेवा संगठन के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा में एकता का नजारा देखने को मिला जिसमें क्षेत्र के तमाम ब्राह्मण भाई सहित सभी राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठन के लोग यात्रा में शामिल हुए ।**

कोठी के परशुराम सेवा संगठन के अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू के नेतृत्व में एवं संगठन के संरक्षक प्रॉमिस त्रिपाठी के संयोजन में शोभायात्रा कोठी के वृंदावन आश्रम से प्रारंभ होकर बाजे गाजे एवं भगवान की साकार झांकी के साथ झाली चौराहा से होते हुए गैबी चौराहा, चौक बाजार का भ्रमण करते हुए कोठी के बस स्टैंड हनुमान मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना करने के उपरांत यात्रा कोठी के मुस्कान मैरिज गार्डन पहुंची यहां यात्रा का समारोह पूर्वक समापन हुआ और सभी को प्रसाद वितरित किया गया सभी ने भगवान की पूजा अर्चना की । समाजसेवी शिवा चतुर्वेदी ने सभी को संबोधित किया और भगवान परशुराम के विषय में प्रकाश डाला संगठन के सदस्य कमलेश पाठक ने सभी का स्वागत किया संगठन के अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कोठी नगर में जगह-जगह लोगों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत करते हुए भगवान की आरती कर पूजा अर्चना करते हुए यात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराते हुए प्रसाद वितरित किया, यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व कोठी के समाज सेवी कुंवर अभय सिंह रोली भैया, थाना प्रभारी कोठी संतोष तिवारी किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पांडे परशुराम सेवा संगठन के संरक्षक प्रॉमिस त्रिपाठी संगठन के अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू सहित अन्य सामाजिक लोगों ने कोठी के वृंदावन आश्रम में भगवान परशुराम की साकार झांकी को रथ




में सवार करते हुए विद्वान पंडित की मौजूदगी में वैदिक मंत्र उच्चारण से भगवान की पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा को प्रारंभ किया जहां यात्रा में भाजपा के जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे, वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष शर्मा डोली, सर्व ब्राह्मण समाज सतना के अध्यक्ष युवा समाजसेवी शिवा चतुर्वेदी, राजा बहादुर कोठी हर्षवर्धन सिंह, रैगांव विधानसभा के युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष शुभम समदड़िया, मरघट नाथ आश्रम के पीठाधीश्वर संत रामेश्वरानन्द सरस्वती सहित कोठी तथा कोठी के आसपास के कई दर्जनों ग्रामों से ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाज के भी लोग कोठी के वृंदावन आश्रम में एकत्रित होकर यात्रा में शामिल रहे और अपनी अभूतपूर्व सहभागिता का निर्वहन किया और शोभायात्रा को ऐतिहासिक बना दिया और यात्रा को भगवान श्री परशुराम के नारे से गूंजायमान कर दिया इस दौरान कोठी नगर में प्रेम का अद्भुत नजारा देखने को मिला नगर के लोगों ने भी यात्रा का एतिहासिक भव्य स्वागत करते हुए शोभायात्रा की शोभा को शोभायमान कर दिया यात्रा प्रारंभ होते ही कोठी के झाली चौराहे में समाजसेवी अंकित मिश्रा के द्वारा में स्वागत किया गया, इसके बाद कोठी के प्रतिष्ठित व्यवसाय प्रमोद अग्रवाल एवं अंकित अग्रवाल के तत्वाधान में चौक बाजार पर यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत करते हुए जलपान की व्यवस्था की गई और भगवान की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया इसके बाद कोठी के शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के सामने अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, संयोजक उमेश सिंह पप्पू, संरक्षक चंद्रमौलेश्वर प्रताप सिंह सहित उनकी टीम द्वारा संयुक्त रूप से यात्रा का भव्य स्वागत किया गया उनकी टीम के लोगों ने यात्रा में शामिल लोगों का माल्यार्पण करते हुए तिलक लगाकर भगवान की पूजा अर्चना कर सभी को प्रसाद वितरित किया और भगवान परशुराम के जयकारे से परिसर को गूंजायमान कर दिया यात्रा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के अध्यक्ष विनय सिंह गुड्डा सहित महिला कांग्रेस की पदाधिकारी उर्मिला त्रिपाठी, गीता सिंह परिहार, प्रभा जित्तू बागरी, निशा सिंह सहित अन्य महिला पदाधिकारी भी शामिल रही और यात्रा का स्वागत किया इसके बाद कोठी के दीन सहायक संस्था परिसर पर व्यापारियों द्वारा स्वागत किया गया तो वहीं कोठी के जय हिंद डेंटल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर जितेंद्र सिंह गहरवार के तत्वाधान में पोस्ट ऑफिस के पास यात्रा का जलपान कराते हुए भव्य स्वागत किया गया बस स्टैंड परिसर पर रायल राजपूत संगठन के अध्यक्ष नीरज सिंह एवं पीडी सिंह के नेतृत्व में यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत करते हुए आपसी एकता भाईचारे की मिसाल पेश की। शोभायात्रा की मॉनिटरिंग और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी अपने दलबल के साथ यात्रा में मौजूद रहे।

### ये रहे उपस्थित

यात्रा में जहां शिवा चतुर्वेदी सुभाष शर्मा डोली भगवती प्रसाद पांडे शुभम समदरिया संतोष पांडे पीठाधीश्वर संत रामेश्वरानंद सरस्वती जैसे राजनीतिक सामाजिक हस्तियां मौजूद रही तो वहीं क्षेत्रीय ब्राह्मण समुदाय के लोग भी काफी संख्या में मौजूद रहे जिसमें परशुराम सेवा संगठन के मुख्य सदस्य मनोज गर्ग रमेश मिश्रा प्रकाश गर्ग आदित्य मिश्रा कमलेश पाठक आलोक गौतम दुर्गेश त्रिपाठी भोलू त्रिपाठी भोले पाठक पत्रकार अनमोल मिश्रा रामचरण शर्मा लाला राम प्रकाश शर्मा पंकज मिश्रौलिया भैया जी उरमलिया राजेंद्र त्रिपाठी संजू त्रिपाठी सुखेंद्र पयासी देवेंद्र शुक्ला श्री राम गर्ग पवन गर्ग कमलेश पांडे वीरेंद्र पांडे विनोद द्विवेदी आदित्य द्विवेदी संजय द्विवेदी पंडित जगन्नाथ शर्मा आशु पांडे संयोग पांडे प्रासू पांडे राजन शर्मा बल्लू शर्मा बल्लू गौतम राघवेंद्र त्रिवेदी सहित हजारों की संख्या में ब्राह्मण बंधु सहित क्षेत्रीय आम जनमानस एवं सर्व समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल रहे।

# अमदरा की बेटी भूमि का जिले में रहा दूसरा स्थान

नवभारत न्यूज

**अमदरा 20 अप्रैल, प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। इसे सच कर दिखाया है यदुवीर नगर की होनहार बेटी भूमि पांडेय ने। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (MPBSE) की कक्षा दसवीं (अंग्रेजी माध्यम) की परीक्षा में भूमि ने 97.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर नवनिर्मित मैहर जिले का नाम रोशन किया है।**

जिले की गौरव बनीं भूमि ओरिजिन एकेडमी हाई स्कूल की



छात्रा भूमि ने अपनी असाधारण मेहनत से न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि मैहर जिले की प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। भूमि के पिता श्री रोहिणी प्रसाद पांडेय और माता श्रीमती आरती पांडेय दोनों ही स्वयं शिक्षक हैं, और अपनी बेटी की इस ऐतिहासिक सफलता पर वे अत्यंत हर्षित हैं।

**उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सेवा करने का संकल्प-** भविष्य के बारे में बात करते हुए भूमि ने स्पष्ट किया कि माता-पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए उनकी रुचि भी शिक्षा जगत में है। वह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हैं और शिक्षा के माध्यम से ही समाज व राष्ट्र की सेवा करने का लक्ष्य रखती हैं। भूमि की इस ऐतिहासिक सफलता पर अमदरा और मैहर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी हैं।

### सद्गुरुदेव की कृपा और गुरुजनों का आशीर्वाद

अपनी सफलता पर भूमि ने सबसे पहले भगवान एवं सद्गुरुदेव सदानंद जी की असीम कृपा को नमन किया है। भूमि का कहना है कि सद्गुरुदेव के आशीर्वाद और माता-पिता (शिक्षक) के उचित शैक्षणिक मार्गदर्शन से ही उन्हें यह मुकाम मिला। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय सद्गुरुदेव के बाद अपने शिक्षकों और अपने परिवार को दिया है।

### जया ताम्रकार का सुयश



**उचेहरा ।** रॉयल पब्लिक स्कूल में नियमित अध्यनरत कक्षा 12वीं की छात्रा जया ताम्रकार ने गणित विषय से 77त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया इस सफलता का मुख्य श्रेय उनके बड़े पापा जी एवं गुरुजनों का आशीर्वाद माना जा रहा है।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

## नगर में निकाली गई शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**नागौद 20 अप्रैल, सर्व विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम प्रकटोत्सव श्री जानकी रमण मंदिर में स्वामी मदन दास महाराज प्रथम मुखारविंद कामतानाथ चित्रकूट के मुख्य अतिथि में धूमधाम से मनाया गया ।**

ब्राह्मण बन्धुओं ने भगवान परशुराम जी के पूजन अर्चन हवन एवं सामूहिक आरती में बढ चढकर हिस्सा लिया परिचर्चा उपरांत सायंकाल नगर के प्रमुख मार्गों से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जगह जगह शोभा यात्रा का लोगों ने स्वागत कर पुष्प वर्षा किया शोभा यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर सिंहपुर चौराहा बस



स्टैंड मेंन बाजार गांधी चौक लक्ष्मी बाई मार्ग होते हुए पुनः मंदिर पहुंची बरमै क्षत्री कल्याण समिति द्वारा बस स्टैंड चौराहा में भगवान परशुराम का पूजन अर्चन कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया शोभा यात्रा में मुख्य रूप से डा यज्ञ दत त्रिपाठी श्री कृष्ण द्विवेदी इंद्रजीत गर्ग नागेश मिश्रा चंद्रकांत द्विवेदी लाल बहादुर मिश्रा अनंत प्रसाद द्विवेदी रामकिशोर पाठक रब्बू तिवारी मनीष गौतम रमाशंकर शर्मा मणि शंकर गौतम हिमांशु तिवारी दिनकर गौतम रवि देव मिश्रा विजय मिश्रा शैलेंद्र शर्मा पवन परौहा गिरीश चतुर्वेदी अवध मिश्रा मनीष पाठक शिवम द्विवेदी दीपक चतुर्वेदी शशिकर तिवारी सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।




# शहीद और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार सम्मानित

नवभारत न्यूज

**मैहर 20 अप्रैल, आज दिनांक 20-4-2026 को ग्राम भेड़ा मैहर में लोकतंत्र बचाओ सम्मेलन में मैहर और सतना जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं अमर शहीद उत्तराधिकार परिवारों को अजय सिंह राहुल भैया एवं डॉ राजेंद्र सिंह कुमार सिंह, डॉक्टर महेंद्र सिंह चौहान, रामनिवास उरमालिया द्वारा शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया।**

प्रवक्ता श्रीमती छाया गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया, कि इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकार परिवार भैया बहादुर सिंह, डॉक्टर राजा भैया मिश्रा, अरुण प्रताप सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, सावित्री सिंह, छाया गुप्ता, प्रमोद द्विवेदी, कृष्णेन्द्र सिंह, राजेश दीक्षित, हीरालाल पांडे, लाल सिंह उचेहरा, अमर बहादुर सिंह, केदार प्रसाद दुबे, गणेश प्रसाद दुबे, राजनीति साहू, रामराज सिंह, राम सिंह, सत्यदेव मिश्रा, जयपाल सिंह, बृजेंद्र शर्मा, रमा रमण प्रताप सिंह, रामलाल पटेल, जीवन लाल पटेल, राजेंद्र तिवारी, दिनेश मिश्रा, सुरेश तिवारी आदि उपस्थित रहे ।

# श्मशान में रोपे पौधों को जीवन दान देते स्वयंसेवक

नवभारत न्यूज

**सतना 20 अप्रैल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यक्षेत्र किसी एक दिशा की ओर नहीं बल्कि समाज में शोषित वर्ग के कल्याण और सुधार की दिशा में अनेक सेवा प्रकल्पों के माध्यम से उनकी सेवा और सुरक्षा करने का दायित्व निभा रहा है.**

इसी कड़ी में उचेहरा में संघ के केशव प्रभात व्यवसाई शाखा के कई स्वयंसेवक प्रतिदिन की शाखा के उपरांत नगर के वार्ड 2 में स्थित दतिया श्मशान में बीते कई वर्षो से सेवा कार्य कर सैकड़ों छाया दार पौधों का रोपड किया । इन




दिनों वहां का नजारा ही कुछ बदला बदला सा नजर आने लगा इन्ही रोपे गये पौधो की देख भाल करने प्रतिदिन कुछ स्वयं सेवक सेवा का कार्य कर गर्मी के तेवर के इन दिनों में रोप पौधों पर मिट्टी, पानी डाल नया जीवन दे रहे हैं। पानी देना स्वयं सेवक अपना धर्म समझते है उनका मानना है कि अगर यह पौधे एक दो वर्ष तक और जीवित रह जाते हैं तो श्मशान भूमि का कुछ वर्षो में बदला सा नजारा दिखेगा यह किसी पार्क से कम नहीं होगा, इस सेवा कार्य में कुछ स्वयं सेवक अपने गाढ़ी कमाई का लाखो खर्च कर दिया तब कहीं जाकर शमशान की भूमि इस तरह का आकार ले रही हैं। नगर परिषद द्वारा एक कर्मचारी की ड्यूटी इन पौधों के देख रेख के लिए भी लगाई गई है ।

# विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सतना 20 अप्रैल, पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा सतना के बैनर तले पूर्वी क्षेत्र के प्रबंध संचालक अजय गुप्ता को भरहुत होटल पहुँच कर गुलदस्ता भेंटकर पेंशनर्स से संबंधित लम्बे समय से लंबित 15 सूत्रीय ज्ञापन सौपा।**

प्रबंध संचालक ने पेंशनर्स को मीटिंग हाल में बुलाकर समस्याओं पर चर्चा कर उन्हें पूर्ण करने हेतु जबलपुर आने हेतु सलाह दी। ज्ञापन सौपने में प्रान्तीय कार्यवाहक अध्यक्ष आर डी मिश्रा प्रान्तीय उपाध्यक्ष बी यल पटेल डब्ल्यू पी मालवीय यस के पाण्डेय विजयेंद्र सिंह जी पी गौतम यस पी अग्निहोत्री डी आर सिंह आर ये सिंह यू के मिश्रा पी डी सिंह आर बी सिंह अशोक मिश्रा गणेश खरे आर ओ मिश्रा डी पी त्रिपाठी आर के त्रिपाठी पी डी शुक्ला आर पी त्रिपाठी आर पी तिवारी व्ही यस तिवारी यस के द्विवेदी डी पी गौतम आर के सिंह सी यस सोनी आर यच मिश्रा शेषमणि शर्मा आबिद हसन आदि शामिल रहे।

# मलगांव में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज

**कोटर 20 अप्रैल, जिले में के रामपुर बाघेलान कोटर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मलगांव में हर्षोल्लास साथ भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई ।**

सभी लोगों को परशुराम जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रहे पंडित अरुण तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि पंडित बालेश त्रिपाठी, संचालक अशोक द्विवेदी,




विमलेश तिवारी, जनपद सदस्य विनोद तिवारी, जनपद सदस्य रामकिशोर शर्मा, लक्ष्मी प्रसाद द्विवेदी, डॉ प्रेमलाल शर्मा गुड्डा, पप्पू द्विवेदी शुनील कश्यप, मनीष द्विवेदी, अविनेश पांडे, अरुणेंद्र द्विवेदी कार्यक्रम के आयोजक पंडित भागवत द्विवेदी मप्र प्रभारी राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के द्वारा आयोजित किया गया था।

# हर्दीशंकर ग्राम पंचायत में लीपापोती

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 20 अप्रैल, मध्य प्रदेश के मुखिया डा.मोहन यादव जहां ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता लाने का प्रदेश में समस्त जिला कलेक्टर के साथ समस्त जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को फरमान जारी कर पंचायत ऐप में बिल, वर्क, आय व्यय का व्योरा अपलोड करने को आदेश जारी किया गया है.**

वहीं रीवा जिले के जनपद पंचायत रीवा के आधीन ग्राम पंचायत हर्दीशंकर में सचिव के द्वारा शासन प्रशासन की राशि हजम करने के लिए पंचायत दर्पण पोर्टल में लाल पीला कागज अपलोड कर शासन प्रशासन की राशि का भारी भरकम राशि खुद डकार रहे है। विदित हो कि लाल पीला कागज फीडिंग करने का मतलब क्या है यदि उक्त पंचायत में राशि गवन न की गयी होती तो लाल पीला कागज क्यों पंचायत दर्पण पोर्टल पर अपलोड किया गया? यह प्रश्न ग्राम वासियों में बार - बार आ रहा है। लेकिन इस प्रश्न का जवाब नहीं मिल रहा है। अब देखना यह है कि समाचार प्रकाशन के बाद जनपद पंचायत, जिला पंचायत में बैठे आला अधिकारी क्या कार्यवाही करते है या फिर संभंधित आला अधिकारी भी चुप्पी साध लेंगें।

# बिरसिंहपुर में नि :शुल्क नेत्र शिविर में 32 मरीज ऑपरेशन के लिए भर्ती

- 126 मरीजों की नेत्र जांच, 53 मरीजों को मिले नज़र के चश्मे

नवभारत न्यूज

**सतना/बिरसिंहपुर 20 अप्रैल, भगवान भोले शंकर की नगरी बिरसिंहपुर स्थित श्री गैवीनाथ जी धर्मशाला में मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की अगुवाई में स्वर्गीय विशंभर दयाल जी अग्रवाल की 25वीं पुण्य स्मृति मे समर्पित रहा।**

सोमवार 20 अप्रैल को निःशुल्क नेत्र शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सतना के पुरुषोत्तम अग्रवाल भटनवारा वालों के मार्गदर्शन एवं संयोजन में आयोजित नेत्र शिविर का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे भगवान भोले शंकर, स्वामी राणछोड दास जी महाराज एवं महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं पूजन



कर किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष एवं पार्षद मुकेश गौतम, भाजपा के मंडल अध्यक्ष डॉ प्रमोद द्विवेदी, डॉ रवेंद्र तिवारी, प्रबंधक जगदीश गुप्ता, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। नेत्र शिविर में 126 मरीजों की जांच कर 32 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण हेतु भर्ती पश्चात संस्था वाहन से श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट पंहुचाए गये। इस दौरान मरीजों को भोजन, बिस्तर एवं दवा की सुविधा भी प्राप्त होगी तथा ऑपरेशन उपरांत उन्हें आयोजन स्थल धर्मशाला बिरसिंहपुर पहुंचाया जाएगा।

**नजर के चश्मे एवं दवाइयां का हुआ निःशुल्क वितरण-** आयोजित नेत्र शिविर मे 53 जरूरतमंद मरीजों को नजर के चश्मे निःशुल्क प्रदान किए गए तथा तथा आवश्यकता अनुसार सभी को दवाइयां वितरित की गई। आगामी 20 मई को धर्मशाला परिसर में निःशुल्क नेत्र शिविर प्रातः 9.00 बजे से पुनः आयोजित किया जाएगा।

# ठाकुर रणमत सिंह जन्मस्थली के मुख्य प्रवेश द्वार के जीर्णोद्धार के लिए हुआ भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**कोठी 20 अप्रैल, ग्राम मनकहरी में आज अमर शहीद बाबा ठाकुर रणमत सिंह जी की जन्मस्थली के मुख्य प्रवेश द्वार के जीर्णोद्धार कार्य हेतु भव्य भूमिपूजन समारोह संपन्न हुआ। यह आयोजन अमर शहीद बाबा रणमत सिंह जन सेवा संगठन, मनकहरी-कोठी के तत्वावधान में शुभ मुहूर्त पर विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया।**

भूमिपूजन जन सहयोग संस्थान एवं डायरेक्टर, अभय सीएनजी गुलाब शुक्ला, संगठन के संरक्षक चंद्रमोलेश्वर सिंह तथा अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह के करकमलों से हुआ। मनकहरी परिवार की नवमी पीढ़ी के गुरु श्रद्धेय अनुज पाण्डेय (इटौरा) ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन संपन्न कराया, भूमिपूजन में संगठन के



सक्रिय सदस्य कपिल पाठक ने सहयोग प्रदान किया। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी सोमवार से मुख्य प्रवेश द्वार के जीर्णोद्धार का कार्य विधिवत प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह कार्य क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने और अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह जी के गौरवशाली इतिहास को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर बाम्बे के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं हौजरी एसोसिएशन के अध्यक्ष मोतीमणि सिंह दिदौंध ने संगठन को 1,00,000 की सहयोग राशि समर्पित करते हुए कहा कि भविष्य में भी उनका सहयोग निरंतर जारी रहेगा। वहीं गुलाब शुक्ला ने 1,01,000 की सहयोग राशि देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त रॉयल राजपूत संगठन सतना के संरक्षक प्रवीण सिंह ने 5,100, प्रभा जित्तू बागरी ने 5,100 तथा यतेंद्र पाठक (महाकौशल प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख, विश्व हिंदू परिषद) ने विश्व हिंदू परिषद की ओर से घोषित 21,000 की सहयोग राशि में से प्रथम चरण में 5,000 की राशि समर्पित की। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारीगण, सदस्यगण, कार्यकरतागण, वरिष्ठ समाजसेवी क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक, एवं ग्रामीण रहे उपस्थित। आज अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह जन्मस्थली जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन के साक्षी मनकहरी ग्राम पंचायत सरपंच दीपक सिंह, संगठन सूत्रधार नीरज सिंह भाद, प्रवीण सिंह, संगठन संयोजक सहेंद्र सिंह, सहसंयोजक उमेश सिंह पप्पू दिदौंध, बृजेंद्र सिंह मेहुती (शिवा ग्रामीण विकास संस्थान मेहुती), डॉ जीतेंद्र सिंह गहरवार, मुकेश मिश्रा, मोतीमणि सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र सिंह बाबू मौहार, के पी सिंह मौहार, विजयराज सिंह रायपुर, दीनबंधु शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, संरक्षक जयदीप सिंह, उपाध्यक्ष जागेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह जीत, जनसंपर्क प्रभारी बबलू सिंह, बुद्धिमान सिंह, रवि सिंह, दिग्विजय सिंह (भोलू), अभिषेक सिंह, डॉ दिवाकर सिंह, बलराम सिंह, तेज बहादुर सिंह गोरइया एवं आर्किटेक्ट राजू सिंह जबलपुर रहे। सभी ने एक स्वर में इस ऐतिहासिक कार्य को जनसहयोग से पूर्ण कराने का संकल्प लिया। यह भूमिपूजन केवल एक निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं, बल्कि अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह जी के सम्मान, स्वाभिमान और विरासत को पुनर्जीवित करने की एक प्रेरणादायी पहल है।